## 6 –(फोटो चिपकाना एवं हस्ताक्षरित आवेदन–पत्र को अपलोड करना)

अब प्रिन्ट किये गये आवेदन–पत्र पर फोटोग्राफ के लिये दिये गये स्थान पर अपना हाल का (एक माह के भीतर का) खिंचा हुआ (3.5cm x 4.5cm) साइज का रंगीन फोटोग्राफ ठीक ढ़ंग से चिपकायें। हस्ताक्षर के लिये नीचे बायीं ओर दिये गये बॉक्स में अपना पूर्ण हस्ताक्षर अँग्रेजी में तथा दाहिनी ओर दिये गये बॉक्स में अपना पूर्ण हस्ताक्षर हिन्दी में केवल काली स्याही से ही करें । यही पूर्ण हस्ताक्षर सम्पूर्ण भर्ती प्रक्रिया में मान्य होगा ।

**नोट :–** आपका फोटोग्राफ अच्छी गुणवत्ता का होना चाहिए। चिपकाये गये फोटोग्राफ में दोनों कान नजर आना चाहिए। फोटो खिंचवाते समय अनावश्यक रूप से टोपी एवं काला/रंगीन चश्मा नहीं लगाया होना चाहिए या अन्य प्रकार से अपनी पहचान छिपाने का प्रयत्न नहीं होना चाहिए ।

तत्पश्चात वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर दिये गये **Sign In (To fill/submit your form)** पर क्लिक कर मोबाइल नम्बर एवं पासवर्ड प्रविष्ट कर पुनः लॉग इन करें। लॉग इन होने के बाद एक नया पृष्ठ खुलेगा जिसमें दिये गये **Print Form** के विकल्प पर क्लिक करने पर आप अपने आवेदन–पत्र को पुनः प्रिन्ट कर सकते हैं तथा **Upload Form** पर क्लिक करने पर मुद्रित/प्रिन्ट किये गये आवेदन–पत्र पर फोटो चिपकाने, हस्ताक्षर करने, फोटोयुक्त हस्ताक्षरित आवेदन–पत्र की स्कैनिंग करने तथा फोटोयुक्त हस्ताक्षरित स्कैन आवेदन–पत्र को अपलोड करने के लिये दिशा–निर्देशों का पृष्ठ खुलेगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे इन दिशा–निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर समझ लें। तत्पश्चात फोटोयुक्त हस्ताक्षरित आवेदन–पत्र को 200 DPI पर कलर स्कैन करें। यह फाईल (*.jpeg, *.jpg) प्रारूप में होगी जिसका आकार 1MB से अधिक नहीं होना चाहिये, को अपलोड करने के लिये कम्प्यूटर में (*.jpeg, *.jpg) सुरक्षित रख लें।

इसी पृष्ठ के अन्त में दिये गये **CONTINUE** बटन को क्लिक करें । **CONTINUE** बटन पर क्लिक करने पर एक नया पृष्ठ खुलेगा जिसमें **Upload Scanned Form** (अपना स्कैन किया हुआ फॉर्म अपलोड करें) के आगे Browse पर क्लिक करें और कम्प्यूटर में आपने जहाँ फोटोयुक्त हस्ताक्षरित आवेदन–पत्र की (*.jpeg, *.jpg) इमेज को सुरक्षित रखा है पर डबल क्लिक करें। अब आपको स्क्रीन पर दाहिनी ओर बने बॉक्स में जो फाइल आपने सेलेक्ट की है वो दिखायी देने लगेगी।

**नोटः–** यहाँ सलाह दी जाती है कि आप भली–भाँति जाँच लें कि जो स्कैन इमेज आपने सेलेक्ट की है वह आपका फोटोयुक्त हस्ताक्षरित आवेदन–पत्र ही है तथा वही कम्प्यूटर स्क्रीन पर दिख रहा है, तभी I certify that I am uploading the displayed file to be accepted as my final Application Form के सामने बायीं ओर बने बॉक्स में टिक (√) करें तथा Upload (अपलोड) पर क्लिक करें। अब आपका फोटोयुक्त हस्ताक्षरित आवेदन–पत्र अपलोड हो गया। एक बार Upload (अपलोड) बटन पर क्लिक करने के बाद आप किसी भी परिस्थिति में दोबारा आवेदन–पत्र अपलोड नहीं कर सकते हैं। अपलोड स्विच पर क्लिक करने के बाद सफलता पूर्वक अपलोड हो जाने तक प्रतीक्षा करें । सफलता पूर्वक अपलोड हो जाने के बाद आपके पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर SMS किया जायेगा। इसके बाद आप स्वतः ही लॉगआउट हो जायेंगे तथा वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर आ जायेंगे।

अपने अपलोड किये आवेदन–पत्र को पुनः देखने के लिये Preview my Uploaded Form (मेरे अपलोड फॉर्म को दर्शायें) पर क्लिक करें। इसके बाद एक नया पृष्ठ खुलेगा जिस पर अपने मोबाइल नम्बर, पासवर्ड तथा सुरक्षा कोड की प्रविष्टि कर Submit बटन को क्लिक करने पर पुनः एक नया पृष्ठ खुलेगा । इस पृष्ठ पर Print Preview बटन पर क्लिक करने पर आप अपने अपलोड आवेदन–पत्र को पुनः देख सकते हैं एवं/अथवा प्रिन्ट कर सकते हैं।

**नोट –**आवेदक/आवेदिका आवेदन–पत्र पर अपना फोटो निर्धारित स्थान पर ही चिपकायें एवं निर्धारित बॉक्स में ही अपना हस्ताक्षर करें । भविष्य में पत्राचार/जानकारी प्राप्त करनें के लिए Application Form No. आवश्यक है। अतः मुद्रित/प्रिन्टेड आवेदन–पत्र को अवश्य सुरक्षित रखें।

आपको सलाह दी जाती है कि इन्टरनेट/वेबसाइट की धीमी गति से बचने के लिये पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन–पत्र अंतिम तिथि के पूर्व अपलोड करें। विस्तृत जानकारी के लिए विज्ञापन अथवा केन्द्रीय चयन पर्षद की वेबसाइट देखें ।

**एक अभ्यर्थी द्वारा मात्र एक ही ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरा जा सकता है। किसी अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक आवेदन–पत्र भरे जाने की स्थिति में उनके सभी आवेदन–पत्रों को अस्वीकृत कर दिया जायेगा । जो अभ्यर्थी फर्जी नाम एवं पते के आधार पर आवेदन–पत्र भरेंगे उनके विरूद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।**

जो आवेदक/आवेदिका अपने मूल आवेदन–पत्र में या परीक्षा के समय या उत्तर–पत्रकों या परीक्षा की किसी भी प्रक्रिया में अनुचित तरीके अपनाने के दोषी पाये जायेंगे या निर्धारित निर्देशों का पालन नहीं करेंगे उनको परीक्षा/नियुक्ति प्रक्रिया से निष्कासित कर दिया जायेगा और उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी। ऐसे निष्कासित आवेदक/आवेदिकाओं पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है ।

नियुक्ति हेतु आयोजित लिखित परीक्षा/शारीरिक जाँच–माप परीक्षण इत्यादि का संचालन केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा किया जायेगा । पर्षद द्वारा लिये गये परीक्षा संबंधी सभी निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होंगे ।

यहाँ दी गयी सूचनाओं में यदि कोई संशोधन/ परिवर्तन होगा या कोई अतिरिक्त सूचना होगी तो आवेदक/आवेदिकाओं को यथासाध्य समाचार–पत्रों/वेबसाइट के माध्यम से सूचित कर दिया जायेगा ।

**वेब साइट के होम पेज पर अन्य सुविधायें भी उपलब्ध होंगी जिनका प्रयोग यथा समय अभ्यर्थी कर सकते हैं। जिनका विवरण निम्नवत है :–**

- **"Buy Your Form Here (आवेदन–पत्र क्रय करें)"** पर क्लिक कर आवेदन–पत्र भरने की प्रक्रिया आरम्भ कर सकते हैं।
- **"Sign In (To fill/submit your form) (साइन–इन फॉर्म भरने/जमा करने हेतु )"** यदि आपका आवेदन–पत्र किन्हीं कारणोवश भरना अधूरा रह जाता है तो **Sign In (साइन–इन)** पर क्लिक कर मोबाइल नम्बर एवं पासवर्ड प्रविष्ट कर पुनः लॉग इन कर फॉर्म भरने की प्रक्रिया पुनः आरम्भ कर सकते हैं । मुद्रित/प्रिन्ट किये गये आवेदन–पत्र पर फोटो चिपकाने, हस्ताक्षर करने, स्कैनिंग करने के बाद फोटोयुक्त हस्ताक्षरित स्कैन आवेदन–पत्र को अपलोड कर सकते हैं।
- **"Know Your Application Status (अपने आवेदन की स्थिति को जानें)"** विकल्प को क्लिक कर अभ्यर्थीगण अपने आवेदन की अद्यतन स्थिति देख सकते हैं।
- **"Preview My Uploaded Form (मेरे अपलोड फॉर्म को दर्शायें )"** पर क्लिक कर फोटोयुक्त हस्ताक्षरित स्कैन अपलोड आवेदन–पत्र को देख सकते हैं।
- **"Resend Password (पासवर्ड पुनः भेजें)"** यदि आप अपना पासवर्ड भूल गये हों तो उक्त विकल्प पर क्लिक कर पासवर्ड पुनः प्राप्त कर सकते हैं।
- **"Contact In Case of Inconvenience (असुविधा होने पर सम्पर्क करें)"** यदि अभ्यर्थी को फार्म भरने सम्बन्धी कोई जानकारी लेनी है तो वह उक्त विकल्प को क्लिक कर दिये गये प्रश्नों में से किसी भी प्रश्न को सेलेक्ट कर तुरन्त उत्तर प्राप्त कर सकता है, तथा Other को सेलेक्ट अपनी शिकायत भी दर्ज करा सकता है।